आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

गुरुवार 17.07.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न श्रेणियों में 78 स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान किए। उत्तराखंड के लालकुंआ को प्रोमिसिंग स्वच्छ शहर का सम्मान दिया गया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्योगों की मांग और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए।
- हरिद्वार में दिख रहे शिव भक्ति के अनोखे रंग, हर–हर महादेव के जयघोष से गूंज रही धर्मनगरी।
- पौड़ी जिले में पहली अगस्त से 15 अगस्त तक राशन कार्डों के सत्यापन के लिए अभियान चलाया जाएगा।

**स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 के नौवें संस्करण के पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वच्छता विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने देशवासियों से देश को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने के लिए आगे आने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि 2025 में देश स्वच्छता और आस्था का अद्‌भुत संगम देखेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि अक्सर हम जिन चीजों को अपशिष्ट समझते हैं, वो मूल्यवान होती हैं।

मध्यप्रदेश के इंदौर ने लगातार आठवें वर्ष सबसे स्वच्छ शहर का खिताब बरकरार रखा है। सूरत दूसरे स्थान पर रहा, जबकि नवी मुंबई को तीसरे स्थान हासिल हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए गए। इसमें उत्तराखंड के नैनीताल जिले के लालकुआं ने भी स्वच्छता के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। लालकुआं को प्रोमिसिंग स्वच्छ शहर का सम्मान दिया गया। इस वर्ष, ये पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किए गए, जिनमें सुपर स्वच्छ लीग शहर और पांच विभिन्न जनसंख्या श्रेणियों में शीर्ष तीन सबसे स्वच्छ शहर शामिल हैं।

**मुख्यमंत्री समीक्षा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्योगों की मांग और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज सचिवालय में आयोजित कौशल विकास और श्रम विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण केंद्रों में अत्याधुनिक मशीन, लैब्स और स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्य सचिव की निगरानी में सभी संबंधित विभागीय सचिव समन्वय स्थापित कर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण बढ़ाने के साथ ही सभी कुशल श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जाए। उन्होंने प्रदेश के हर जिले में स्थानीय

लोगों को प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर और मिस्त्री जैसे कार्यों के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था करने को कहा। मुख्यमंत्री ने स्वरोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष कौशल केंद्रों की स्थापना करने और प्रदेश के दूर–दराज के क्षेत्रों के लिए स्किल ऑन व्हील्स वैन शुरू करने के भी निर्देश दिए।

## कृषि मंत्री

प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्र सरकार द्वारा मंजूर की गई 'प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना' का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना देश के कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कृषि मंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों की उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना और सतत कृषि प्रणाली को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में यह योजना एक ठोस पहल है। उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल को इस किसान हितैषी निर्णय के लिए धन्यवाद देते हुए उम्मीद जताई कि उत्तराखंड को भी इस योजना का समुचित लाभ मिलेगा।

## चुनाव प्रशिक्षण

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बागेश्वर के बी.डी पांडेय महाविद्यालय परिसर में दो पालियों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 170 मतदान पार्टियों के 650 कार्मिकों के साथ ही 6 जोनल मजिस्ट्रेट और 23 सेक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जरूरी दिशा–निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने मतदान कार्मिकों को मतपत्र और मतपेटी संचालन से संबंधित व्यावहारिक और सैद्धांतिक जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मतदान कार्मिकों को चाहिए कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण सजगता से निभाएं।

## आकर्षक कांवड़

धर्मनगरी हरिद्वार इस समय शिव की भक्ति के रंग में रंगी हुई नजर आ रही है। चारों तरफ हर–हर महादेव और बम–बम भोले के जयघोष ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। अभी तक लाखों कांवड़िए हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो चुके हैं। कई ऐसी कांवड़ भी देखने को मिल रही है, जो लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

इस बार कुछ अनोखी कांवड़ों की बात की जाए, तो उनमें केदारनाथ धाम जैसी एक कांवड़ तैयार की गई है, जो सबका मन मोह रही है। स्वर्णमय भगवान शिव की प्रतिमा भी आकर्षण का केन्द्र रही, तो महाकाली और भगवान शिव की कांवड़ ने भी सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। वहीं अयोध्या राम मंदिर कांवड़ की भी जमकर चर्चा हो रही है। इस कांवड़ में अयोध्या के राम मंदिर को दर्शाया गया है। इसके साथ ही देश भक्ति की कुछ कांवड़ भी लोगों को

अपनी और आकर्षित कर रही हैं। वहीं आदियोगी और बाहुबली हनुमान वाली कांवड़ भी इस बार देखने को मिल रही है। गौरतलब है कि ये सभी कांवड़ रात को लाइटिंग के साथ जब निकलती है, तो स्थानीय लोग इन्हें देखने के लिए सड़कों पर आ जाते हैं। वहीं वृंदावन के स्वामी प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य की कामना को लेकर 101 लीटर गंगाजल ले जाने वाली कांवड़ ने भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया।

## बीईजी

श्रावण मास के कांवड़ मेले में सेना भी अपना योगदान कर रही है। इंडियन रेडक्रास सचिव डॉ. नरेश चौधरी के संयोजन में बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप– बीईजी आर्मी के तैराक दल मोटर बोटों के साथ हरिद्वार में गंगा के विभिन्न घाटों पर तैनात होकर कांवड़ियों को डूबने से बचाने के कार्य में लगे हुए है। बीईजी आर्मी तैराक दलों ने अब तक 22 शिवभक्त कांवड़ियों की जान बचाई है।

## राशन वितरण

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने आज जिला सभागार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की कार्यों की समीक्षा की। बैठक में राशन वितरण, गैस आपूर्ति, अंत्योदय योजना और उपभोक्ताओं की शिकायतों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने पहली अगस्त से 15 अगस्त तक राशन कार्डों के सत्यापन के लिए अभियान चलाते हुए अपात्र व्यक्तियों के कार्ड निरस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही राशन की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा, ताकि पात्र उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन गोदामों में एक से अधिक स्थानों से गेहूं और चावल की आपूर्ति होती है, वहां एक ही स्थान से आपूर्ति के लिए शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाए, जिससे निगरानी को सरल और पारदर्शी बनाया जा सके। उन्होंने सीएम अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना की सघन निगरानी करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि जिन अपात्र लोगों के राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं, उनकी सूची मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनके आयुष्मान कार्डों से भी नाम हटाए जा सकें।

## हरेला

''हरेला का त्योहार मनाओ, धरती मां का ऋण चुकाओ'' थीम के तहत इस वर्ष जुलाई माह में प्रदेश में हरेला पर्व उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सीमांत मुख्यालय, एसएसबी रानीखेत और एसएसबी कैंप डोईवाला की 14वीं वाहिनी के अधिकारियों व जवानों ने राज्य को हरित बनाने का संकल्प लिया। पर्यावरणविद डॉ. अनिल प्रकाश जोशी के मार्गदर्शन में कार्यरत एक संस्था ने 14वीं वाहिनी को पौधे उपलब्ध कराए। पौधारोपण अभियान के तहत द्वितीय कमान अधिकारी आलोक कुमार के नेतृत्व में जवानों ने संस्था के पदाधिकारियों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। श्री कुमार ने जवानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करना है, जो जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।